लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक: BRLPS/LSBA/Proj/90/18/Vol.II/888 दिनांक: 12.02.2021

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०,
प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक।

सेवा में,

सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
बिहार।

विषय- **शौचालय लाभार्थियों के भुगतान हेतु आयोजित शिविर के साथ ही चिह्नित प्रखंडों में 'स्वच्छता चौपाल' के आयोजन के संबंध में।**

प्रसंग- **अधोहस्ताक्षरी कार्यालय का ज्ञापांक BRLPS/LSBA/Proj/125/19/878 दिनांक 08.02.2021**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में आप अवगत हैं कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत वंचित पात्र लाभार्थियों के प्रोत्साहन राशि भुगतान एवं दावा आपत्तियों के निवारण हेतु फरवरी एवं मार्च माह में निर्धारित तिथियों को शिविर लगाया जाना है।

विदित है कि जिलांतर्गत कतिपय प्रखंडों में प्रोत्साहन राशि का भुगतान बड़ी संख्या में लम्बित है। अतएव इन प्रखंडों को चिह्नित किया जाए तथा प्रत्येक शिविर दिवस को आयोजित शिविर स्थान के परिसर में आमजन की जागरूकता हेतु 'स्वच्छता चौपाल' का आयोजन कराया जाए। 'स्वच्छता चौपाल' के आयोजन की रूपरेखा निम्नवत् है-

क्र.	गतिविधियाँ	विवरणी	सहभागिता
1	स्वच्छता संवाद	शौचालय निर्माण, उनके नियमित उपयोग एवं रख-रखाव पर विस्तृत चर्चा; स्वच्छता चैम्पियन से संवाद।	जिला-स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत जन-प्रतिनिधि यथा मुखिया, वार्ड सदस्य आदि, Unicef जिला प्रतिनिधि, स्वच्छाग्रही।
2	समुदाय आधारित संपूर्ण स्वच्छता (CLTS) की triggering	मल-मुख संचरण तथा इसके बचाव हेतु शौचालय के महत्व का प्रदर्शन।	DC-CB&IEC/ SRP/ DRP/ BC/ Unicef जिला प्रतिनिधि/ स्वच्छाग्रही।

स्वच्छता चौपाल के संचालन पर होने वाले व्यय का अनुमोदन जिला जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा निर्धारित तिथि से पूर्व प्राप्त कर लिया जाए।

विश्वासभाजन,

(राजीव कुमार सिंह)

ज्ञापांक: BRLPS/LSBA/Proj/90/18/Vol.-II/888 दिनांक: 12.02.2021

प्रतिलिपि: जिला समन्वयक/जिला सलाहकार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: श्री प्रभाकर सिन्हा, WASH विशेषज्ञ, Unicef को सूचनार्थ एवं यूनिसेफ द्वारा आच्छादित जिलों में आवश्यक सहयोगार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

12/2/21

(राजीव कुमार सिंह)